# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लंबे जद्दोजहद के बाद खुला चीन सीमा सड़क मार्ग

**राहत**

## अभी फिलहाल छोटे वाहनों की हो सकेगी आवाजाही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। पचास दिन के लंबे इंतजार के बाद बीते रविवार को भारत का चीन सीमा से संपर्क आखिरकार जुड़ गया। बता दें कि सीमांत को चीन सीमा से जोड़ने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सड़क के खुलने से अभी फिलहाल छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोला गया है। दूसरी ओर कुछ हद तक सीमांत के ग्रमीणों सहित आईटीबीपी व सेना के जवानों के लिए राहत भरी खबर है।

जानकारी के मुताबिक यहां बारिश से मार्ग जगह जगह ध्वस्त होने की वजह से कई गांवों के साथ सेना के जवानों व स्थानीय ग्रमीणों को मार्ग के बंद होने की वजह से दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा था। वही अब छोटे वाहनों के गुजरने से मुश्किलें कुछ आसान हो सकेगी। बड़े वाहनों के चलने के आसार अभी कम ही नजर आ रहे है। यह मार्ग सीमा सड़क संगठन बीआरो



व सीपीडब्लयूडी के अधीन आता है। वही तवाघाट से लेकर कंच्यौती के बीच यह मार्ग खोलना बीआरो के लिए खासकर किसी चुनौती से कम नही था।

कई बार बीआरो व लोनवि के बीच इस सड़क मार्ग को खोलने के लिए तनातनी वाला माहौल बरकरार नजर आया। वही इस सड़क मार्ग के खुलने से सीमा पर तैनात जवानों के लिए अब रसद पूर्ति आसानी से हो सकेगी।

जानकारी के मुताबिक इस अन्तर्राष्टीय सडक के बंद होने की वजह से करीबन 14 गांव से भी ज्यादा तक के गांव प्रभावित हुए थे। वही लंबे जद्दोजहद के बाद इस सड़क मार्ग के खुलने से भारतीय सीमा के गांव खोत जम्कू, छिरकिला,सोबला,सुवा,सुमदुंग,वतन दर, सेला ,चल, नागलिंग, बालिग ढाकर,बौगलिंग,ढाकर,तिदांग व दुग्तू मार्छा,सीपू, सौन गांवों के ग्रमीण अब आसानी से आवाजाही करने के साथ अपनी दैनिक वस्तुओं की पूर्ति के लिए छोटे वाहनों से मदद ले सकेंगे। इस बंद पड़े अन्तर्राष्ट्रीय सड़क को खोलने के लिए चौदह अगस्त से खोलने का कार्य प्रारम्भ किया गया था।

मार्ग को खोलने के लिए करीबन सत्तर मजदूर लगाये गये। वही लोनवि के साइट इंचार्ज अवर अभियंता फैजान मालिक ने बताया कि अभी फिलहाल सड़क के खुलने से छोटे वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सकेगी। दूसरी ओर बड़े वाहनों के सुचारू होने में अभी फिलहाल वक्त लगने की संभावना है।

छोटे वाहनों के खुलने से सीमा पर बसे गांवों को कुछ बहुत अब राहत मिल जायेगी।

## न्यूज डायरी

### सेवा सप्ताह में महानगर भाजपा ने जारी किये कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर केंद्र एवं राज्य संगठन के निर्देश पर आयोजित किए जाने वाले सेवा सप्ताह में भाजपा महानगर के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिये गये है। यहां जारी एक बयान में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल ने बताया कि इन कार्यक्रमों में 14 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण, 15 सितंबर को महानगर के 70 व्यक्तियों को प्लाज्मा डोनेट करने हेतु प्रेरित करना, 16 सितंबर को सभी शक्ति केंद्र स्तर पर प्लास्टिक मुक्त करने हेतु स्वच्छता अभियान, 17 सितंबर को सभी मंडल की गरीब बस्तियों एवं चिकित्सालय में फल वितरण एवं 70 स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से संबंधित 70 स्लाइड्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

### झाझरा रेंज के सुद्दोवाला वन क्षेत्र में किया गया वृक्षारोपण

**संवाददाता** देहरादून। सिटीजन फॉर क्लीन एंड ग्रीन एम्बीएंस समिति के तत्वावधान में झाझरा रेंज के सुद्दोवाला वन क्षेत्र में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर केवल दो ही प्रजातियें आंवला व जामुन के 50 से अधिक वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण के इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा लॉकडाउन के नियमों का पूर्णता पालन किया गया और सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण के दौरान मास्क इत्यादि लगाकर ही वृक्ष लगाए। समिति द्वारा इस वर्ष 2020 में 1,000 से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है और अभी तक समिति द्वारा 6 वृक्षारोपण कार्यक्रमों को पूर्ण कर लिया गया है।

### वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में करेगा मदद

**संवाददाता** हरिद्वार। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने भारत के सबसे बड़े डिपॉजिटरी एन एसडीएल की सहायक कंपनी एन एसडीएल पेमेंट्स बैंक के साथ एक कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता किया है। समझौते के तहत, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को अपने ग्राहक–केंद्रित सुरक्षा और बचत उत्पाद प्रदान करेगा। ये बीमा उत्पाद एन एसडीएल पेमेंट्स बैंक ग्राहकों को उनके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में मदद करेंगे ताकि उन्हें अपने वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में मदद मिल सके। पीओएस जीवन बीमा उत्पादों को समझना बहुत आसान है और इसे पूरी तरह से परेशानी मुक्त तरीके से खरीदा जा सकता है।

## विरोध दिवस पर किसान विरोधी अध्यादेशों की फूंकी प्रतियां

**संवाददाता** देहरादून। हरियाणा में किसानों पर बर्बर लाठीचार्ज तथा मंण्डी एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) नहीं छोड़ेंगे, ठेका खेती नहीं मानेंगे, जमीन कारपोरेट्स को नहीं देंगे, बिजली का निजीकरण और बर्बर दमन नहीं सहेंगें आदि मांगों के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों ने देश व्यापी विरोध दिवस के अवसर पर किसान विरोधी अध्यादेशों की प्रतियां जलाकर विरोध व्यक्त किया और कहा कि शीघ्र ही दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को तेज किया जायेगा।

यहां प्रदेश की अस्थाई राजधानी देहरादून के गांधी रोड़ स्थित पंडित दीनदयाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज पूरे देश की तरह हमारे राज्य में भी किसान इन अध्यादेशों का जोरदार विरोध कर रहे हैं ताकि संसद में सरकार को इसे कानून बनाने से रोका जा सके। वक्ताओं ने कहा कि कारपोरेट खेती को बढ़ाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम को बदलकर कारपोरेट को मनचाहा भण्डारण करने की खुली छूट दी जाएगी।

## परीक्षा के विरोध में हल्द्वानी में छात्रनेताओं का धरना

**संवाददाता** रामनगर। कुमाऊं विश्वविद्यालय की परीक्षा कराने से नाराज छात्र नेताओं ने रामनगर और हल्द्वानी में विरोध–प्रदर्शन कर हंगामा किया। हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज परिसर में छात्र नेता परीक्षा के विरोध में धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। कॉलेज परिसर में तैनात पुलिस बल और प्राचार्य डॉ बीना खंडूरी छात्रों को समझाते रहीं। हालांकि परीक्षाएं विरोध के बाद भी जारी रहीं। वहीं रामनगर में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

सोमवार को रामनगर में एनएसयूआई के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के नेतृत्व में छात्र नेता नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक अर्थी को कंधे पर रखकर लखनपुर चौराहे पर पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करने के बाद दोनों अर्थियों को चौराहे पर जलाया। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि कोरोना के मामले लगातार प्रदेश में बढ़ते जा रहे हैं। पहले उच्च शिक्षा राज्य मंत्री



धन सिंह रावत ने कुमाऊं विश्वविधालय के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को बिना परीक्षा के अगली कक्षा में प्रमोट करने की बात कही थी। अब वह अपने बयान से पलट गए हैं।

कोरोना के बीच परीक्षा कराने से छात्रों में संक्रमण का खतरा बना रहेगा। जब हर रोज कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में परीक्षा कराने का फैसला छात्र हितों के विपरीत किया है। आज शुरू होने वाली परीक्षाओं में किसी भी छात्र के स्वास्थ्य को लेकर कोई विशेष कदम नहीं उठाए गए हैं। छात्र ऐसी विषम परिस्थितियों में परीक्षा देने को मजबूर है। छात्रों के स्वास्थ्य को देखते हुए ऐसी रूपरेखा बनाई जाए। जिससे संक्रमण के प्रभाव को कम किया जाए। तब तक छात्रों की परीक्षाओं को रोका जाए। रामनगर महाविद्यालय में ही कोरोना इस दौरान जावेद सैफी, ईशांत चौधरी, जावेद सैफी आदि मौजूद रहे।

# सीमांत के उच्च हिमालयी गांवों में जारी है एनएचपीसी का स्वास्थ्य शिविर

**सवांददाता**

■ग्रमीणों ने ली चैन की सांस

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की चीन सीमा से लगे उच्च हिमालयी गांवों में एनएचपीसी द्वारा स्वास्थ शिविर जारी है। बता दें कि लंबे समय से सीमांत के गांवों के ग्रमीणों को वायरल होने की सूचना क्षेत्रीय प्रशासन को मिल रही थी।

कोरोना संक्रमण के बढ़ते कहर के कारण सीमांत पर तैनात जवानों ने इन गांवों में स्वास्थ शिविर लगाने से इंकार कर दिया था। लंबे जद्दोजहद के बाद क्षेत्र का एनएचपीसी का स्टाफ इलाके में स्वास्थ शिविर लगाने को तैयार हुआ। सीमांत के गुजी,नाभी,कुटी रोनकांग गाव में करीबन बारह हजार पांच सौ फीट उंचाई वाले गांवों में एनएचपीसी के द्वारा निशुल्क स्वास्थ शिविर अभियान जारी रखा गया है। ऐसे में करीबन तीन हजार से भी ज्यादा गांवों के ग्रमीणों को इस स्वास्थ शिविर में लाभ मिल रहा है।

सीमांत में लगे स्वास्थ शिविर में इन गांवों के ग्रमीणों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि जरूरत पड़ने पर सीमांत में एनएचपीसी के माध्यम से उच्च हिमालयी गांवों में स्वास्थ शिविर लगाने के लिए आगे आता है। सीमांत तहसील धारचमला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला ने कहा कि ऐसे स्वास्थ शिविरों के आयेजन से गांवों के



ग्रमीणों को राहत तो मिलेगी। उनको निशुल्क उपचार मिलने व दवाइंया इत्यादि मिलने से फायदा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के उच्च हिमालयी इलाकों में बसे गांवों के ग्रमणों को बड़ते कोरोना संक्रमण के चलते एनएचपीसी के स्टाफ ने हिम्मत जुटाकर स्वास्थ शिविर जारी रखा है। हम उसके लिए एनएचपीसी का आभार प्रकट करते है।

## 20 साल तक कांग्रेस में रहे त्रिलोक सजवाण ने ली आप की सदस्यता

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव त्रिलोक सिंह सजवाण ने 20 साल तक कांग्रेस में रहते हुए बिना किसी नाराजगी के कांग्रेस से त्याग पत्र देकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता अपने सैकडों समर्थकों के साथ ग्रहण कर ली है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली मॉडल से काफी प्रभावित हुए है। सरकुलर रोड़ स्थित आम आदमी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पूर्व प्रदेश सचिव त्रिलोक सिंह सजवाण ने आप की सदस्यता अपने समर्थकों के साथ ग्रहण की और इस अवसर पर आप प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने सजवाण को पार्टी की टोपी व पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल से आज सभी लोग प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है।